-120-

File No - 76-1099/95/2021-1

File No.76-1099/95/2021-1-

I/55630/2021

संख्या: 556 /छिहत्तर-1-2021

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 04 ~~फरवरी~~ मार्च, 2021

विषय- 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा समस्त जनपदों की कार्यदायी संस्थाओं का इम्पैनेलमेण्ट करते हुये समस्त जिलाधिकारी को सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है। इन फर्मों को ग्रामों की सूची निर्धारित प्राथमिकताओं के आधार पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उपलब्ध करायी जानी है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामों की सूची के साथ-साथ जनपद के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु आवश्यक ग्रामवार भूमि का चिन्हांकन कराकर निर्माण हेतु कब्जा/हस्तानान्तरण की भी कार्यवाही त्वरित गति से करायी जानी है।

2- अतः कृपया 'जल जीवन मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामवार यथावश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए उसकी निशानदेही कराकर, तदनुसार भूमि का विवरण एवं सूची कार्यदायी फर्मों को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य त्वरित गति से प्रारम्भ कराया जा सके।

संलगनक:-यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
राजेन्द्र कुमार तिवारी
Date:Thu Feb 25 11:59:09 IST 2021
Reason:Approved

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव ।

संख्या- 526 (1)/छिहत्तर-1-2021, तददिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

I. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

II. निजी सचिव, प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन।

III. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को उनके पत्र दिनांक 12 फरवरी 2021 के क्रम में।

IV. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

आज्ञा से

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
अनु सचिव।